प्रारूप
11

**E-mail**

# बिहार सरकार
## राजस्व एवं भूमि सुधार विभाग
## (भू–अभिलेख एवं परिमाप निदेशालय)

**संचिका सं0** : 03/भू0अ0नि0 (5) सं0आ0 (दरभंगा प्र0) –10/2025 ...486.... **पटना, दिनांक**:– 11/02/2026

## आदेश

बन्दोबस्त पदाधिकारी, समस्तीपुर के पत्रांक 171 दिनांक 22.02.2025 द्वारा श्री नेसार अहमद (AEN11181), विशेष सर्वेक्षण अमीन के विरूद्ध लगातार अनुपस्थित रहने, प्रशिक्षण अवधि में उपलब्ध कराने गये अभिलेख/सामग्री जमा नहीं करने संबंधी आरोप प्रतिवेदित करते हुए बन्दोबस्त पदाधिकारी द्वारा संविदा समाप्ति की अनुशंसा की गयी है।

बन्दोबस्त पदाधिकारी से प्राप्त अनुशंसा के आलोक में निदेशालय पत्रांक 1510 दिनांक 27.03.2025 द्वारा स्पष्टीकरण की मांग की गयी। ससमय स्पष्टीकरण नहीं प्राप्त होने पर निदेशालय पत्रांक 4283 दिनांक 31.07.2025 द्वारा स्मारित किया गया एवं यह भी उल्लेख किया गया कि स्पष्टीकरण प्राप्त नहीं होने पर संविदा समाप्ति के बिन्दु पर एक पक्षीय निर्णय लिया जाएगा।

विदित हो कि स्मारित किये जाने के बावजूद इनके द्वारा स्पष्टीकरण समर्पित नहीं करना कार्य करने के प्रति रूचि नहीं होने व आदेश की अवहेलना को परिलक्षित करता है।

सभी अभिलेखों के अवलोकन से स्पष्ट होता है कि विशेष सर्वेक्षण कार्य एक समयबद्ध कार्यक्रम है, जिसे निर्धारित समय–सीमा में पूर्ण किया जाना है। इनका इतनी लम्बी अवधि से अनुपस्थित रहने से इन्हें आवंटित कार्य बाधित हुआ है। इनका आचरण स्वच्छ संविदा कर्मी के सर्वथा प्रतिकूल है। इस परिपेक्ष्य में इनका संविदा समाप्त किया जाना समीचीन है।

अतः निदेशालय आदेश संख्या 685 दिनांक 17.03.2022 के कंडिका–7 के आलोक में "बिहार विशेष सर्वेक्षण मानदेय आधारित संविदा नियोजन नियामवली, 2019 यथा संशोधित नियमावली, 2022" की कंडिका–08 (4) के तहत श्री नेसार अहमद (AEN11181), विशेष सर्वेक्षण अमीन बन्दोबस्त कार्यालय, समस्तीपुर का दिनांक 13.09.2024 से संविदा नियोजन समाप्त किया जाता है।

(सुहर्ष भगत) 09/02/26
निदेशक
भू–अभिलेख एवं परिमाप

**ज्ञापांक** : 03/भू0अ0नि0 (5) सं0आ0 (दरभंगा प्र0) –10/2025 ...486... **पटना, दिनांक** 11/02/2026

**प्रतिलिपि** : श्री नेसार अहमद (AEN11181), विशेष सर्वेक्षण अमीन, बन्दोबस्त कार्यालय, समस्तीपुर को सूचनार्थ प्रेषित।

निदेश दिया जाता है कि सभी अभिलेख/सामग्री उपलब्ध कराना सुनिश्चित करेंगें। अन्यथा आपके विरूद्ध कानूनी कार्रवाई की जाएगी।

निदेशक 09/02/26
भू–अभिलेख एवं परिमाप

**ज्ञापांक** : 03/भू0अ0नि0 (5) सं0आ0 (दरभंगा प्र0) –10/2025 ...486... **पटना, दिनांक** 11/02/2026

**प्रतिलिपि** : बन्दोबस्त पदाधिकारी, बन्दोबस्त कार्यालय, समस्तीपुर को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्रवाई हेतु प्रेषित।

निदेश दिया जाता है कि अपने स्तर से अभिलेख/सामग्री जमा कराने हेतु आवश्यक कार्रवाई करना सुनिश्चित करें। अभिलेख/सामग्री जमा नहीं करने पर उनके विरूद्ध प्राथमिकी दर्ज करायें।

निदेशक 09/02/26
भू–अभिलेख एवं परिमाप

**ज्ञापांक** : 03 / भू0अ0नि0 (5) सं0आ0 (दरभंगा प्र0) –10 / 2025 486 **पटना, दिनांक** : 17/02/2026

**प्रतिलिपि** : प्रोग्रामर, भू–अभिलेख एवं परिमाप निदेशालय, बिहार, पटना को सूचनार्थ एवं इसकी स्कैन कॉपी R2R सॉफ्टवेयर के अन्तर्गत संबंधित कर्मी की व्यक्तिगत संचिका में संधारित करने हेतु प्रेषित।

**निदेशक** 09/02/26
भू–अभिलेख एवं परिमाप